प्रतिक्रिया | बजट 2026 पर लोगों की रही मिलीजुली प्रतिक्रिया

# विकास पर फोकस, आम आदमी को सीमित राहत

**नवभारत, शहडोल ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में अपना 9वां केंद्रीय बजट पेश कर दिया है। वित्त मंत्री ने देश के विकास के लिए तीन कर्तव्य तय किए. विकास, लोगों की आकांक्षाएं और सबका साथ सबका विकास... बजट में रोजगार, स्वास्थ्य, निवेश और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया है. वहीं, वैश्विक अनिश्चितता और घरेलू मांग को संतुलित करने की दिशा में भी कई बड़े ऐलान किए गए हैं। पीएम मोदी ने इसे 'युवा शक्ति बजट' बताया.पीएम मोदी ने इसे 'युवा शक्ति बजट' बताया। आज 1 फरवरी को संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 9वां केंद्रीय बजट पेश कर दिया है. बजट में विदेशी यात्रा, शिक्षा और चिकित्सा के लिए टीसीएस दर घटाई गई है। 17 एंटी-कैंसर दवाओं और दुर्लभ बीमारियों की दवाओं को कस्टम्स ड्यूटी से छूट मिली है. वहीं, जो विदेशी नागरिक भारत में रहते हैं, उनकी विदेश से होने वाली कमाई पर अब टैक्स नहीं लगेगा. रक्षा मंत्रालय को 7.8 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है. आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है. बजट में आयकर छूट का ऐलान नहीं किया गया है। बजट में पूंजीगत व्यय बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया है और एमएसएमई, हाई-स्पीड रेल, बायोफार्मा, सेमीकंडक्टर, आयुष संस्थान और मेडिकल टूरिज्म हब्स जैसे कई बड़े क्षेत्रीय और रणनीतिक निवेश की घोषणाएं की गई हैं।

### भाजपा कार्यालय में प्रबुद्धजनों ने देखा लाईव बजट

1 फरवरी दिन रविवार को केंद्र सरकार द्वारा बजट प्रस्तुत किया जाएगा बजट 2026-27 का लाइव प्रसारण जिला भाजपा कार्यालय में किया गया। बजट सत्र का लाइव प्रसारण देखने एवं प्रबुद्धजन सम्मेलन में स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिलाअध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ भाजपा नेता, मंडल अध्यक्ष गण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण, जिले के संभ्रांत नागरिक गण, व्यापारी बंधु, डॉक्टर, एडवोकेट, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, किसान, महिलाएं, प्रबुद्धजैन, समाजसेवी सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## इनका कहना है

विकासोन्मुखी और दूरदर्शी बजट- भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा ने बजट का स्वागत करते हुए कहा,यह बजट देश को विकसित भारत की ओर ले जाने वाला है। हाई-स्पीड रेल, उद्योग और एमएसएमई के लिए प्रोत्साहन से हमारे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर बढ़ा खर्च स्थानीय व्यापार और युवाओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने एवं आवश्यक दवाईयों की कीमतें कम होने से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।

**अमिता चपरा**
**भाजपा जिलाध्यक्ष**

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 को जनविरोधी बताते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, मजदूर, युवा और आदिवासी समाज के साथ क्रूर मज़ाक है। देश रिकॉर्ड महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रहा है, लेकिन बजट में इन समस्याओं से निपटने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। आम जनता को राहत देने के बजाय सरकार चुनिंदा पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी हुई है।उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी नहीं दी गई और युवा वर्ग के लिए रोजगार सृजन का कोई स्पष्ट रोडमैप बजट में नहीं है। वहीं आदिवासी बाहुल्य शहडोल जिले के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में बजट पूरी तरह निराशाजनक रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास नहीं बल्कि कुछ पूंजीपतियों का साथ देने वाला बजट है।अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी बजट के खिलाफसड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

**अजय अवस्थी,**
**कांग्रेस जिलाध्यक्ष**

हम सभी विकास चाहतें हैं, लेकिन इस बजट ने मध्यम वर्ग व ग्रामीण गरीबों के लिए सीधे राहत नहीं दी है। किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों के लिए और ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। बजट में सामाजिक कल्याण योजनाओं के बजाए बड़े-बड़े उद्योग व शहरों पर ज़्यादा ध्यान दिया गया है।

**राकेश सिंह बघेल**
**अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ**

एमएसएमई के लिए योजनाएं अच्छी हैं, लेकिन टैक्स में राहत न मिलने से रोजमर्रा के खर्च कम नहीं होंगे। टैक्स में छूट की उम्मीद थी जो कि पूरी नहीं हुई है। नए एवं छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देने की सरकार की योजना है जो कि बेहतर साबित हो सकती है।

**अखिलेश शर्मा,**
**आई.टी.व्यवसायी**

विकसित भारत का जनकल्याणकारी बजट,किसान, युवा, महिला और सभी वर्ग को समर्पित बजट -- संतोष लोहानी
केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 देश के मध्यम वर्ग, किसान, युवा, महिला और गरीब कल्याण को समर्पित एक दूरदर्शी एवं विकासोन्मुखी बजट है। कृषि क्षेत्र के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन तथा ग्रामीण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान, किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। एमएसएमई, स्टार्टअप और स्थानीय उद्योगों के लिए आसान ऋण, गारंटी कवर में वृद्धि और नए अवसरों से रोज़गार सृजन को बल मिलेगा।शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल इंडिया पर किए गए प्रावधान नए भारत की नींव को और मजबूत करेंगे।यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को साकार करता है।

**संतोष लोहानी ,**
**भाजपा जिला उपाध्यक्ष**

केंद्रीय बजट 2026-27 विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप मुख्य रूप से गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। इसमें बुनियादी ढाँचे डिजिटल अर्थव्यवस्था, हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए बड़े पूंजीगत निवेश का प्रस्ताव है, साथ ही मध्यम वर्ग को टैक्स में राहत और कराधान को सरल बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। एम एस एम ई के माध्यम से नव स्वरोजगार के अवसरों के लिए बजट मे विशेष ध्यान देते हुए खेल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए बजट मेँ अनेक जन हितैषी प्रावधान किये गए है. बजट सर्व हैतैषी व सर्वव्यापी है.

**चंद्रेश द्विवेदी, प्रदेश सह संयोजक**
**भाजपा विधि प्रकोष्ठ मप्र**

सरकार विकास की बात कर रही है, लेकिन रसोई का खर्च लगातार बढ़ रहा है। गैस और खाद्य सामग्री सस्ती होती तो ज्यादा राहत मिलती।

**राखी सिंह, गृहणी**

शिक्षा और छात्राओं की सुविधाओं पर घोषणाएं अच्छी हैं। अगर ये योजनाएं ज़मीन पर लागू हों तो लड़कियों को बड़ा फायदा होगा।

**पूजा पटेल, बी.एड. छात्रा**

## हल्दी एवं कोदो कुटकी की खेती के लिए किसानो को करें प्रेरित : कमिश्नर

▶ कमिश्नर ने मत्स्य, उद्यानिकी एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

**नवभारत,शहडोल ।** कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में संभाग स्तरीय बैठक में मत्स्य, उद्यानिकी एवं सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर ने एक जिला एक उत्पाद के तहत चिन्हित उत्पाद हल्दी एवं कोदो, कुटकी का रकवा बढ़ाने के निर्देश विभागीय अधिकारियो को दिए। उन्होंने कहा कि हल्दी एवं कोदो कुटकी की खेती के लिए शहडोल संभाग के किसानो को उच्च गुणवत्ता के बीज मुहैया कराए जाएं एवं उनसे होने वाले लाभों से किसानो को अवगत कराएं। आपने एक जिला एक उत्पाद के तहत चयनित उत्पाद के विपणन प्रोसेसिंग तथा पैकेजिंग को व्यवस्थित कर मूल्य संवर्धन के लिए कार्य करने के निर्देश उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। विभागीय योजना पीएमएफएमई के तहत लक्ष्य के अनुरूप प्रकरणों का वितरण सुनिश्चित करनें के लिए सतत रूप से बैंकों के संपर्क में रहने को कहा। पर ड्रॉप मोर क्राप के तहत सिंप्रकलर एवं ड्रिप सिंचाई के लक्ष्य पूरा करने एकीकृत उद्यानिकी विकास योजना के तहत फलदार पौध का रोपण, मशाला एवं सब्जी के खेती का रकवा बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग में मत्स्य पालन करने वाले व्यक्तियो को मत्स्य संपदा योजना का लाभ दिलाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि संभाग के तीनों जिलों में उपलब्ध जलाशयों को उपयोग मत्स्यपालन में किया जाए। मछुआ सहकारी समितियों का गठन कर उन्हें मत्स्यपालन हेतु पट्टे पर तालाब उपलब्ध कराए जाएं। मत्स्यपालन करने वाले कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिससे वे मत्स्यपालन की गतिविधियों हेतु समय पर आवश्यक राशि की व्यवस्था कर सकें। उन्होंने कहा कि मत्स्य संपदा योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करे। कमिश्नर ने बैठक में तालाब पट्टा आवंटन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, सहकारिता विभाग के पैक्स कम्प्यूटराइजेशन की प्रगति, अंकक्षेण प्रगति, कॉमन सर्विस सेंटर, वनोपज समितियां किसान क्रेडिट कार्ड, रबी फसल ऋण वितरण, सोसायटियो से वसूली की प्रगति सहित अन्य विभागीय योजनाओ की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देष विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित शहडोल संभाग के उद्यानिकी विभाग, सहकारिता विभाग एवं मस्त्य विभाग के अधिकारियो उपस्थित रहें।

## किसानों की मोटर साईकिल रैली को सीईओ जिला पंचायत ने दिखाई हरी झंडी

**नवभारत, शहडोल ।** प्रदेश शासन के किसान कल्याण वर्ष 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों की मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। किसानो की मोटर साइकिल रैली को सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने कलेक्ट्रेट परिसर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य किसानों के बीच जागरूकता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना, शासन की कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना और किसानों को सम्मानित करना है। किसानो की मोटर साइकिल रैली शहडोल कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर गांधी चौक से बुढार चौक होते एवं लल्लू सिंह चौराहा में संपन्न हुई।

## सेवानिवृत हुए संयुक्त आयुक्त विकास

**नवभारत, शहडोल ।** कमिश्नर कार्यालय में पदस्थ रहे संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश का अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विदाई एवं सम्मान समारोह में कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने अपने विचार साझा कर शाल, श्रीफल एवं स्मृतियां भेंट किया। साथ ही सेवानिवृत संयुक्त आयुक्त विकास को स्वस्थ जीवन यापन करने की शुभकामनाएं भी दी।

## पेंशन प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया पूर्णत : होगी ऑनलाइन

**नवभारत, शहडोल ।** जिला पेंशन अधिकारीएसएम सिद्दीकी ने जानकारी दी है कि शासकीय सेवको के पेंशन प्रकरणो का निराकरण राज्य केन्द्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल भोपाल से किया जाएगा। राज्य केन्द्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल में पेंशन प्रकरण के निराकरण की प्रक्रिया पूर्णत: ऑनलाईन होगी एवं पृथक से कोई भौतिक दस्तावेज प्रेषित नही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रकरणो को निराकरण हेतु आईएफएमआईएस साफ्टवेयर में शासकीय सेवक के समस्त सुसंगत विवरण पूर्णत: भरे हुये एवं अद्यतन हो।सेवानिवृत्त हुये शासकीय सेवक के पेंशन प्रकरण पेंशन अधिकारी को प्रेषित करते समय अद्यतन विवरण आईएफएम आईएस साफ्टवेयर में पूर्ण करने तथा आगामी दो वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवको के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु परिशिष्ट-1 अनुसार सुसंगत सेवा विवरण (प्रोफाईल) आईएफएम आईएस साफ्टवेयर में 31 मार्च 2026 तक अद्यतन करने हेतु समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया हैं।

## शारदा मंदिर परिसर में आयोजित हुआ हिंदू सम्मेलन

**नवभारत, शहडोल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी शताब्दी वर्ष की यात्रा पूर्ण करने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सकल हिंदू समाज के माध्यम से कर रहा है। इसी क्रम में मंडल एवं बस्ती स्तर पर विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शहडोल नगर के शारदा मंदिर परिषद पटेल बस्ती में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति में कृष्ण पाल सिंह, सुन्दर नापित,विनय दुबे,विकास गुप्ता आदि के साथ सकल हिंदू समाज के लोगों का सहयोग रहा है। कार्यक्रम में कलश यात्रा, गौ,कन्या पूजन एवं सरस्वती माता, भारत माता की प्रतिमा के समक्ष मंगलदीप पुष्प फल अर्पित करते हुए वैदिक श्लोक के साथ पूजा अर्चना करके प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं कुटुंब प्रबोधन को लेकर छोटे बच्चों के द्वारा नाटक मंचन किया गया।मंचन के माध्यम से समाज के सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं परिवार की एकता को लेकर प्रेरणादायक संदेश दिया गया है। कार्यक्रम के मंच पर मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह अनूप मिश्रा, संत सामाजिक वक्ता के रूप में केशव प्रसाद जी एवं मातृशक्ति श्रीमती अंजू सिंह मंचासीन रही। मंचासीन वक्ताओं के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सकल हिंदू समाज को सारगर्भित उद्बोधन के माध्यम से प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया। गौरतलब है। कार्यक्रम में लगभग 1500 लोग सम्मिलित हुए ।कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी ने मिलकर भारत माता की आरती वंदना किया और भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया।

### साहित्य बिक्री केंद्र और पर्यावरण संरक्षण के लगे स्टाल

कार्यक्रम के मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सनातन धर्म से संबंधित साहित्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए तीन तरह के स्टॉल कार्यक्रम में लगाए गए। जहां लोगों ने अपनी स्वेच्छा से पुस्तकों को खरीदा। कार्यक्रम में भारत माता की जीवंत झांकी, बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया नाट्य मंचन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।


एन बी सी सी NBCC
A Navratna CPSE
ASPIRE

**माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से**

**एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड** द्वारा निष्पादित

**ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री**

**एस्पायर लेज़र वैली**
**टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश**
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट

**एस्पायर सिलिकॉन सिटी**
**फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश**
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट

**एस्पायर सेंचुरियन पार्क**
**टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश**
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

**एस्पायर लेज़र पार्क**
**टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश**
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

**ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 10.02.2026**
**ई-नीलामी 11.02.2026 को आयोजित की जाएगी**
**ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक**
**6 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है**
**प्री-बिड मीटिंग दिनांक 03-02-2026 को आयोजित की जाएगी**

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
**www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in**
**या कॉल करें : 9772907414**

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें: